**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ____________________________

   (Name) ______________________________

Roll No. | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**D-5009**

Time : **2 1/2** hours]

# PAPER-III
# INDIAN CULTURE

[Maximum Marks : **200**

Number of Pages in this Booklet : **32**

Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answer to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुए रिक्त स्थान पर ही लिखिये ।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है ।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है ।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
8. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**

**INDIAN CULTURE**
**भारतीय संस्कृति**

**Paper-III**
**प्रश्नपत्र-III**

**Note :** This paper is of **two hundred (200)** marks containing **four (4)** sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein.

**नोट :** यह प्रश्नपत्र **दो सौ (200)** अंकों का है एवं इसमें **चार (4)** खंड हैं । अभ्यर्थियों को इनमें समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये विस्तृत निर्देशों के अनुसार देना है ।

## Section – I

## खण्ड – I

**Note :** This section contains **five (5)** questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about **thirty (30)** words and carries **five (5)** marks.

**(5 × 5 = 25 Marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित **पाँच (5)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । प्रत्येक प्रश्न **पाँच (5)** अंकों का है ।

**(5 × 5 = 25 अंक)**

India was a thorough 'melting-pot' long before the term was invented for America. In spite of attacks, Hellenic, Muslim, and European among others, Hindu culture has maintained its tradition unbroken to the present day. The spiritual life of the Hindus at the present time has not precisely the same proportion or orientation as that of either the Indus people or the Vedic Āryans or even the great teachers, Śankara and Rāmānuja. Its changes in emphasis reflect individual temperaments, social conditions, and the changing intellectual environment, but the same persistent idea reappears in different forms. Hinduism grows in the proper sense of the word, not by accretion, but like an organism, undergoing from time to time transformation as a whole. It has carried within it much of its early possessions. It has cast aside a good deal and often it has found treasures which it has made its own. The history of Hinduism is chequered by tragic failures and wonderful victories, by opportunities missed and taken. New truth has been denied and persecuted occasionally. The unity of its body, realized at the cost of centuries of effort and labour, now and then came near being shattered by self-seeking and ignorance. Yet the religion itself is not destroyed. It is alive and vigorous and has withstood attacks from within and without. It seems to be possessed of unlimited powers of renewal. Its historic vitality, the abounding energy which it reveals, would alone be evidence of its spiritual genius.

अमेरिका के लिए कुठाली (Melting pot) शब्द प्रयुक्त होने के बहुत पहले भारत पूर्णत: इसका प्रतिरूप रहा है । यवन, मुसलमान, यूरोपियन एवं अन्य आक्रमणों के बावजूद, हिन्दू संस्कृति ने परम्परा को आज तक अक्षुण्ण बनाये रखा है । वर्तमान समय में हिंदुओं का आध्यात्मिक जीवन उसी परिभाषा अथवा दिशा में नहीं हैं जिसमें सिन्धु घाटी के लोगों अथवा वैदिक आर्यों और महान आचार्यों – शंकराचार्य व रामानुजाचार्य के समय के लोगों का था । इसके स्वरूप में आने वाले परिवर्तन वैयक्तिक प्रकृति, सामाजिक अवस्थाओं और परिवर्तनशील बौद्धिक परिवेश को प्रतिबिम्बित करते हैं, परन्तु वही स्थिर विचार विभिन्न रूपों में पुन: प्रकट होता रहता है । वस्तुत: हिंदू धर्म का विकास प्रक्षेपों के द्वारा नहीं, वरन् एक जीवन्त प्राणी की तरह हुआ है जिसमें समय-समय पर समग्र रूप से रूपान्तरण होता रहा है । इसने अपनी अधिकांश प्रारम्भिक सम्पदा को अपने अभ्यन्तर में सँजोये रखा है । इसने बहुत कुछ छोड़ा है और अनेक निधियाँ प्राप्त की हैं जिन्हें इसने आत्मसात कर लिया है । हिंदू-धर्म का उतार-चढ़ाव वाला इतिहास त्रासदपूर्ण असफलताओं और अनूठी विजयों से परिपूर्ण है । इसमें वे सुअवसर भी शामिल हैं जिनको इसने खोया है और पाया है । कभी-कभी नए सत्य को अस्वीकार और संत्रासित किया गया है । शताब्दियों के प्रयास एवं श्रम द्वारा प्राप्त इस अवयव की समग्रता, यदा-कदा स्वार्थ परायणता एवं अज्ञान के कारण बिखराव के सन्निकट पहुँच गई तथापि धर्म का विनाश नहीं हुआ । यह जीवन्त एवं ओजस्वी है, इसने आभ्यान्तर और बाह्य आक्रमणों को झेला है । लगता है कि इसमें नवीकरण की असीम शक्तियाँ हैं । इसमें उद्भाषित होने वाली ऐतिहासिक ऊर्जा एवं अपार शक्ति ही इसकी आध्यात्मिक प्रतिभा के साक्षी होंगे ।

1. Why was India seen as a melting-pot like America ?
   अमेरिका की तरह भारत को कुठाली (melting pot) के रूप में क्यों देखा जाता है ?

2. Which elements are seen not as part of Hindu tradition ?

किन तत्त्वों को हिन्दू परम्परा का अंश नहीं माना जाता ?

3. How would you explain change in the continuity of religious tradition ?

धार्मिक परम्परा की निरन्तरता में परिवर्तन की व्याख्या आप किस प्रकार करेंगे ?

4. Why is Hinduism seen growing like organism ?
हिंदू धर्म को विकासशील जीवन्त प्राणी के रूप में क्यों देखा जाता है ?

5. What is reflected in the changes seen in Hinduism over centuries of its history ?
हिंदू धर्म के शताब्दियों के इतिहास में आने वाले परिवर्तन क्या प्रतिबिम्बित करते हैं ?

## Section – II

## खण्ड – II

**Note :** This section contains **fifteen (15)** questions, each to be answered in about **thirty (30)** words. Each question carries **five (5)** marks. **(15 × 5 = 75 Marks)**

**नोट :** इस खंड में **पाँच-पाँच (5-5)** अंकों के **पंद्रह (15)** प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग **तीस (30)** शब्दों में अपेक्षित है । **(15 × 5 = 75 अंक)**

6. Discuss the significance of fire pits discovered at the Harappan sites.

हड़प्पा संस्कृति के स्थलों से प्राप्त अग्निकुण्डों के महत्त्व को विवेचन कीजिए ।

7. What do you know of Makkhali Gosala ?

मक्खलि गोसाला के विषय में आप क्या जानते हैं ?

8. Describe the basic features of Asokan Pillars.
अशोक के स्तम्भों के प्रमुख लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

9. Discuss the significance of the Devaputra title of the Kushanas.
कुषाणों की देवपुत्र उपाधि के महत्त्व का विवेचन कीजिए ।

10. Write a note on the Sarvastivada School of Buddhism.
बौद्ध धर्म के सर्वास्तिवाद सम्प्रदाय पर एक टिप्पणी लिखिए ।

11. Describe the types of Durga (fort) as mentioned in ancient Indian works on polity.
राजशास्त्र सम्बन्धी प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लिखित दुर्ग के प्रकारों का वर्णन कीजिए ।

12. Account for the popularity of the Panchatantra.
पंचतंत्र की लोकप्रियता के कारण बतलाइए ।

13. Discuss the role of Sanskrit in the culture of South-East Asia.
दक्षिण पूर्व एशिया की संस्कृति में संस्कृत की भूमिका का विवेचन कीजिए ।

14. Comment on the Vesara style of temple architecture.
मन्दिर स्थापत्य की वेसर शैली पर टिप्पणी कीजिए ।

15. Explain the musical term Khyal.
संगीत सम्बन्धी शब्द ख्याल की व्याख्या कीजिए ।

16. What do you mean by Jama'at Khana and Khanqahs.
जमात खाना एवं खानकाह से आप क्या समझते हैं ?

17. Explain Pustimarg.
पुष्टिमार्ग की व्याख्या कीजिए ।

18. Bring out the contribution of Jyotiba Phule to the upliftment of down trodden in Maharashtra.
महाराष्ट्र में दलितों के उत्थान में ज्योतिबा फुले के योगदान का उल्लेख कीजिए ।

19. Write a note on the Gandhian idea of 'Satyagraha'.
गाँधी के 'सत्याग्रह' के बारे में विचारों पर टिप्पणी लिखिए ।

20. What do you understand by generalization in writing history ?
इतिहास लेखन में सामान्यीकरण से आप क्या अभिप्राय समझते हैं ?

## Section – III
## खण्ड – III

**Note :** This section contains **five (5)** questions from each of the electives/specialisations. The candidate has to choose only **one** elective/specialisation and answer all the **five** questions from it. Each question carries **twelve** (**12**) marks and is to be answered in about **two hundred** (**200**) words. **(5 × 12 = 60 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में प्रत्येक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता से **पाँच (5)** प्रश्न हैं । अभ्यर्थी को केवल एक ऐच्छिक इकाई / विशेषज्ञता को चुनकर उसी में से **पाँचों** प्रश्नों का उत्तर देना है । प्रत्येक प्रश्न **बारह (12)** अंकों का है व उसका उत्तर लगभग **दो सौ (200)** शब्दों में अपेक्षित है । **(5 × 12 = 60 अंक)**

### Elective-I
### विकल्प-I

21. Throw light on 'Phallus Worship' in early India.
आद्य-कालीन भारत में लिङ्गोपासना पर प्रकाश डालिये ।

22. Explain the concept of 'henotheism' in early Vedic religion.
पूर्व वैदिक कालीन धर्म में 'सर्वदेववाद' की अवधारणा की व्याख्या कीजिये ।

23. Give an outline of the Jain-Agama literature.
जैन-आगम साहित्य की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिये ।

24. What is the significance of the Second Buddhist Council ?
द्वितीय बौद्ध संगीति का क्या महत्त्व है ?

25. Discuss the idea of Karma-yoga in the Gita.
गीता में उपलब्ध कर्म-योग के विचार का विवेचन कीजिए ।

**OR/अथवा**

**Elective-II**
**विकल्प-II**

21. Comment on the sculptural art of the Indus Valley Civilization.
सिन्धु घाटी की सभ्यता की मूर्तिकला पर टिप्पणी कीजिए ।

22. Describe the salient features of the Great Stupa of Sanchi.
सांची के महास्तूप के विशिष्ट लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

23. How was Gautama Buddha represented in Sunga art ?
शुंग कला में गौतम बुद्ध को किस प्रकार प्रदर्शित किया गया है ?

24. Give an account of the Rathas of Mamallapuram.
मामल्लपुरम के रथों का विवरण दीजिए ।

25. Describe the iconographic features of Jain Tirthankaras.
जैन तीर्थंकारों के प्रतिमा लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

**OR/अथवा**

**Elective-III**
**विकल्प-III**

21. Explain the term 'Varnāśrama-dharma'.
'वर्णश्रम-धर्म' शब्द की व्याख्या कीजिये ।

22. Compare the social philosophy of Buddhism and Jainism.
बौद्ध एवं जैन सामाजिक दर्शन की तुलना कीजिये ।

23. Trace the development of diplomatic relations of the Mauryas.
मौर्यों के दौत्य सम्बन्धों के विकास का निरूपण कीजिये ।

24. Give a brief account of the salient features of the local self government of the Cholas. How could it co-exist with their centralised administration ?
चोलों के स्थानीय स्वशासन के विशिष्ट लक्षणों का संक्षिप्त विवरण दीजिये । उनके केन्द्रीभूत शासन के साथ उसका सह-अस्तित्व कैसे सम्भव हुआ ?

25. Discuss the economic significance of the Gupta gold coins.
गुप्त स्वर्ण मुद्रा के आर्थिक महत्त्व का विवेचन कीजिये ।

**OR/अथवा**

**Elective-IV**
**विकल्प-IV**

21. Discuss the contributions of South Indian Acharyas to Indian Philosophy and religion.
भारतीय दर्शन एवं धर्म के क्षेत्र में दक्षिण भारत के आचार्यों के योगदान का वर्णन कीजिए ।

22. Describe the new techniques and features introduced by the Turks in the field of architecture.
स्थापत्य कला के क्षेत्र में तुर्कों द्वारा प्रारंभ की गई तकनीकों एवं लक्षणों का वर्णन कीजिए ।

23. What were the features common to the different Bhakti movements of medieval period ?
मध्यकालीन विभिन्न भक्ति आन्दोलनों के समान लक्षण क्या थे ?

24. What light do the accounts of foreign travellers throw on the cultural achievements of the Vijayanagar State ?
विजयनगर राज्य की सांस्कृतिक उपलब्धियों पर विदेशी यात्रियों के वर्णन से क्या प्रकाश पड़ता है ?

25. Discuss the contributions of Shaikh Nizamuddin Auliya in the growth of Chishti Silsilah.
चिश्ती सिलसिले के विकास में शेख निजामुद्दीन ओलिया के योगदान का विवेचन कीजिए ।

**OR/अथवा**

**Elective-V**
**विकल्प -V**

21. Bring out the contrast between the policies of Warren Hastings and Lord Dalhousie.
वारेन हेस्टिंग्स एवं लॉर्ड डलहौजी की नीतियों में क्या अंतर था, उसका उल्लेख कीजिए ।

22. Raja Rammohun Roy's reform ideas represent a break with the tradition, but it was incomplete. Elaborate.
राजा राममोहन राय के सुधार सम्बन्धी विचार परम्परा से हटकर हैं, किन्तु यह पार्थक्य अपूर्ण है । व्याख्या कीजिए ।

23. Bring out the contribution of Sayyid Ahmed Khan to the modernisation of Indian mind.
भारतीय मानसिकता के आधुनिकीकरण में सैयद अहमद खान के योगदान का उल्लेख कीजिए ।

24. What was the 11 point program of Gandhi put forwad during the Civil Disobedience Movement ?
सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गाँधी द्वारा प्रस्तुत 11 सूत्री कार्यक्रम क्या था ?

25. What precautions one has to take in writing objective history of India using classical texts ?
शास्त्रीय ग्रन्थों के आधार पर भारत के वस्तुनिष्ठ इतिहास लेखन में किन सावधानियों की आवश्यकता है ?

## Section – IV
## खण्ड – IV

**Note :** This section consists of **one** essay type question of **forty** (**40**) marks to be answered in about **one thousand** (**1000**) words on any **one** of the following topics. **(1 × 40 = 40 Marks)**

**नोट :** इस खण्ड में एक **चालीस (40)** अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल **एक** पर, लगभग **एक हजार (1000)** शब्दों में अपेक्षित है । **(1 × 40 = 40 अंक)**

26. Discuss the nature of 'Avataravada' in various sects of Hinduism.
हिन्दू धर्म के विभिन्न सम्प्रदाओं में 'अवतारवाद' की अवधारणा का विवेचन कीजिये ।

**OR/अथवा**

Make a comparison of the accounts of Fahien and Hieun Tsang regarding the Indian society.
भारतीय समाज के विषय में फाह्यान तथा ह्वेनसांग के विवरणों की तुलना कीजिये ।

**OR/अथवा**

Describe the basic elements of Indian iconography.
भारतीय मूर्तिविज्ञान के भौतिक तत्त्वों का वर्णन कीजिये ।

**OR/अथवा**

Discuss the structure of rural society in Mughal India with special reference to peasant stratification.
मुगलकालीन भारत के ग्रामीण समाज की संरचना का वर्णन कृषक स्तरीकरण के विशेष संदर्भ में कीजिए ।

**OR/अथवा**

Write an essay on various perspectives on Indian National Movement. Illustrate.
भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के सम्बन्ध में विभिन्न परिदृष्टियों पर सोदाहरण एक निबंध लिखिए ।

| FOR OFFICE USE ONLY | |
|---|---|
| Marks Obtained | |
| Question Number | Marks Obtained |
| 1 | |
| 2 | |
| 3 | |
| 4 | |
| 5 | |
| 6 | |
| 7 | |
| 8 | |
| 9 | |
| 10 | |
| 11 | |
| 12 | |
| 13 | |
| 14 | |
| 15 | |
| 16 | |
| 17 | |
| 18 | |
| 19 | |
| 20 | |
| 21 | |
| 22 | |
| 23 | |
| 24 | |
| 25 | |
| 26 | |

Total Marks Obtained (in words) ..........................................

(in figures) .........................................

Signature & Name of the Coordinator ..................................

(Evaluation) Date .........................